श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ-03/48/ला.ब.शा.रा.सं.वि./2022-23/2990 दिनांक 03.11.2022

कार्यालयीय प्रवेश सूचना 2022-23

विषय: विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी 2022-23) के आधार पर शास्त्री (बी.ए.) एवं बी.ए. योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 में केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) परीक्षा 2022 का आयोजन किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम दिनांक 15.09.2022 को घोषित किया जा चुका है।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में शास्त्री (बी.ए.) एवं बी.ए. योग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अपना पंजीकरण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दिनांक 31.10.2022 तक किया गया है, उन्हें सूचित किया जाता है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-2022 में प्राप्त स्कोर के आधार पर वरीयता सूची के अनुसार सम्बन्धित कक्षा में प्रवेश हेतु इस विश्वविद्यालय द्वारा गठित प्रवेश समिति की अनुशंसा के आधार पर अस्थाई प्रवेश प्रदान करने हेतु दिनांक 14.11.2022 से 16.11.2022 तक ऑफलाईन माध्यम से काउंसलिंग का आयोजन किया जायेगा। अभ्यर्थियों को निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय का चयन करना अनिवार्य होगा। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है-

क्र० सं०	सम्बन्धित पीठ	पाठ्यक्रम विवरण (शास्त्री/बी.ए. योग) विषय	तिथि	समय
01	वेद-वेदांग पीठ (स्वर्ण जयंती सदनम्)	1. वेद 2. पौरोहित्य 3. धर्मशास्त्र 4. प्राचीनव्याकरण 5. नव्यव्याकरण 6. फलितज्योतिष 7. सिद्धान्तज्योतिष 8. वास्तुशास्त्र	14.11.2022 से 16.11.2022 तक	प्रातः 10.00 बजे से अपराह्ण 04.30 बजे तक
02	दर्शनशास्त्र पीठ (शैक्षणिक सदनम्)	9. सर्वदर्शन 10. प्राचीन न्यायवैशेषिक 11. नव्यन्याय	14.11.2022 से 16.11.2022 तक	प्रातः 10.00 बजे से अपराह्ण 4.30 बजे तक

		12. सांख्ययोग 13. जैनदर्शन 14. मीमांसा 15. अद्वैतवेदान्त 16. विशिष्टाद्वैतवेदान्त १. बी.ए. योग		
03	साहित्य एवं संस्कृति पीठ (शैक्षणिक सदनम्)	17. साहित्य 18. पुराणेतिहास 19. प्राकृत	14.11.2022 से 16.11.2022 तक	प्रातः 10.00 बजे से अपराह्ण 4.30 बजे तक

नोटः शास्त्री कक्षा में प्रवेश हेतु उपर्युक्त तीन पीठों के अन्तर्गत प्रदर्शित सभी 19 विषयों में से किसी एक विषय को अध्ययन हेतु चयन करना अनिवार्य होगा।

प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सम्बन्धित प्रवेश समिति के समक्ष पीठ प्रमुखों के कार्यालय में ऑफलाईन माध्यम से अपने मूल दस्तावेजों तथा उनकी स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित होंगे। प्रवेश समिति की अनुशंसा के उपरान्त ही प्रवेश शुल्क जमा किया जायेगा। अस्पष्ट प्रमाण पत्रों की स्थिति में अस्थाई प्रवेश पर विचार नहीं किया जायेगा। सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु निर्धारित शुल्क दिनांक 18.11.2022 तक लेखा विभाग के कक्ष संख्या 20 में जमा किया जायेगा।

शैक्षणिक नियम परिचायिका में प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में अभ्यर्थियों को उपर्युक्त दर्शायी गई तिथियों में काउंसलिंग हेतु अपने साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियॉ तथा स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों को लेकर आना अनिवार्य होगा।

मूल-प्रमाण पत्रों की सूची

1. पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल-प्रमाण पत्र।
2. मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र (मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण पत्र)
3. मूल चरित्र प्रमाण-पत्र।
4. मूल स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन)
5. मूल परीक्षाओं की मूल अंकतालिकाएं
   आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र।
6. आधार कार्ड की प्रतिलिपि।
7. स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र।
8. बैंक खाते के पासबुक की प्रतिलिपि।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त पीठ प्रमुखों एवं विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित कि वह प्रवेश समितियों के गठन हेतु जारी सूचना के अनुसार अपने-अपने पीठ से सम्बन्धित प्रवेश प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण करें।
2. निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं कुलानुशासक
3. पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)
4. पीठ प्रमुख (छात्र कल्याण)
5. उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
6. उपकुलसचिव, लेखा
7. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट प्रेषित करने का कष्ट करें।
8. निजी सचिव-कुलपति/कुलसचिव
9. कार्यालय आदेश पत्रावली
10. सम्बन्धित अभ्यर्थियों के सूचनार्थ
11. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

Pls n.a. ph.

Sh. Sachin 03/11/2022